28.04.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर समय 18.30

प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के बेलगावी में चुनावी सभा को किया सम्बोधित– कहा, केन्द्र सरकार द्वारा पारित भारतीय न्याय संहिता कानून से व्यवस्था का बेहतर प्रबंधन होगा ।

- प्रदेश में दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं शहरी महिलाओं से रही आगे– 18 से 19 वर्ष आयुवर्ग के 60 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल से पश्चिम बंगाल और झारखंड के दौरे पर– कई जनसभाओं और सम्मेलनों में शिरकत करने का कार्यक्रम।

- प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर गर्मी का असर बरकरार–अगले दो–तीन दिन में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट का पूर्वानुमान।

000

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार ने किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से छोटे किसानों की लागत कम करने और कृषि उपज के लिए बाजार खोलने में सहायता की है। श्री मोदी ने कर्नाटक के बेलगावी में आज एक चुनावी सभा में कहा कि वित्तीय सहायता से दस करोड़ से अधिक महिला स्वयं सहायता समूहों को लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि किसानों को ईंधन में एथेनॉल मिश्रण से 70 हजार करोड़ रूपये की आमदनी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित भारतीय न्याय संहिता कानून से व्यवस्था का बेहतर प्रबंधन होगा।

000

प्रदेश में दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं शहरी महिलाओं से मतदान में आगे रही हैं। वहीं शहरों में पुरुषों ने ग्रामीण इलाकों के पुरुषों से अधिक मतदान किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि शहरों की 63 दशमलव 64 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 64 दशमलव 47 फीसदी महिलाओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसी तरह शहरी क्षेत्र के पुरुष मतदाताओं ने 67 दशमलव 67 प्रतिशत जबकि ग्रामीण क्षेत्र के पुरुषों ने 65 दशमलव 22 प्रतिशत वोट डाले। वहीं शहरों में 56 दशमलव 33 प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाताओं ने जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 40 प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाताओं ने वोट डाले।

श्री गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण इलाकों के कुल 64 दशमलव 86 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया जबकि शहरी क्षेत्र के कुल 65 दशमलव 69 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जालौर–सिरोही सीट पर सबसे अधिक 73 दशमलव 55 प्रतिशत शहरी मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 76 दशमलव 58 प्रतिशत ग्रामीण मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं पहले चरण में शहरी क्षेत्र में सबसे ज्यादा

65 दशमलव 57 प्रतिशत मतदान गंगानगर और सबसे कम 52 दशमलव 18 प्रतिशत मतदान भरतपुर में हुआ।

निर्वाचन विभाग के अनुसार प्रदेश के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों में 60 दशमलव 72 फीसदी महिलाओं ने वोट डाले हैं। इनमें चूरू, झुंझनूं, सीकर, पाली, जालोर, उदयपुर, बांसवाड़ा और राजसमंद, में महिलाओं ने पुरूषों के मुकाबले अधिक मतदान किया है।

वहीं नवमतदाताओं के मतदान के आंकडों पर नजर डाले तो करीब 60 फीसदी मतदाताओं ने इस बार मताधिकार का प्रयोग किया है। प्रदेश में 18 से 19 वर्ष आयुवर्ग के कुल 16 लाख 64 हजार 845 पंजीकृत नव मतदाताओं में से 9 लाख 91 हजार 505 मतदाताओं ने मतदान किया।

000

प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर अलग–अलग प्रर्वतन एजेंसियों ने मार्च की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं और अवैध नकद राशि के रूप में 932 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक की जब्ती की हैं। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन विभाग के निर्देश पर 16 मार्च से अब तक इन एजेंसियों ने 834 करोड़ रुपये से अधिक की सामग्री जब्त की है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर अलग–अलग एजेंसियां कड़ी निगरानी कर रही हैं। इसी कड़ी में प्रदेश भर में लगातार जब्ती की कार्रवाई की जा रही हैं। एक मार्च से अब तक राजस्थान में चार जिलों में 40–40 करोड़ रुपये से अधिक, नौ जिलों में 30–30 करोड़ रुपये और 13 जिलों में 20–20 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं और नकदी आदि जब्त की गई है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल से पश्चिम बंगाल और झारखंड के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री शर्मा लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की नामांकन सभा में भाग लेंगे और प्रबुद्धजन सम्मेलन सहित कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री सोमवार सुबह कोलकाता के लिए रवाना होंगे, जहां वे पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड़ शो करेंगे।

उसके बाद मुख्यमंत्री का विभिन्न वर्गों के लोगों से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। अगले दिन श्री शर्मा कोलकाता से झारखंड के लिए रवाना होंगे, जहां वे ढुलू महतो के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद वे धनबाद में प्रबुद्धजन सम्मेलन और प्रवासी सम्मेलन में भी भाग लेगें।

0000

राज्यपाल कलराज मिश्र कल बीकानेर दौरे पर रहेंगे। श्री मिश्र तकनीकी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। राज्यपाल के दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल कल सुबह सवा ग्यारह बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से वे सर्किट हाउस जाएंगे।

0000

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो –एनसीबी और गुजरात एटीएस की संयुक्त टीम ने राजस्थान–गुजरात में 300 करोड़ रूपये की प्रतिबंधित ड्रग एमडी पकड़ी। टीम ने कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया। प्रदेश में हुई कार्रवाई में स्थानीय पुलिस ने भी संयुक्त ऑपरेशन में भागीदारी निभाई।

......................

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत जैसलमेर जिले में कुल 36 हजार बिजली उपभोक्ताओं ने सोलर प्लांट लगाने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया है। डिस्कॉम के अलावा ऊर्जा मंत्रालय से अनुबंध के तहत डाकघर को भी जिले में 25 हजार 140 रजिस्ट्रेशन करवाने का लक्ष्य मिला है। वहीं डिस्कॉम को 11 हजार रजिस्ट्रेशन करवाने का लक्ष्य मिला है। अब तक डिस्कॉम के पोर्टल पर 2 हजार 57 और डाकघर के पोर्टल पर 92 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है।

0000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर गर्मी का असर बरकरार है। राज्य के अधिकांश स्थानों पर पिछले चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से 40 डिग्री सेल्सियस के मध्य दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा 40 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान अलवर में रिकॉर्ड किया गया। वहीं आज प्रदेश के उत्तर–पश्चिमी क्षेत्र के ऊपर बने एक परिसंचरण तंत्र के कारण बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाये हुए है। जैसलमेर में आज बादलों की आवाजाही से तापमान में गिरावट होने से लोगों को गर्मी राहत मिली है। बालोतरा जिले में बादलों के चलते तेज धूप और गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार इस तंत्र के असर से इन क्षेत्रों में मेघगर्जन के साथ कहीं–कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। राज्य के शेष अधिकांश हिस्सों में आगामी 4–5 दिन मौसम शुष्क बना रहेगा। कल और परसो बीकानेर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में तेज हवाएं चलने तथा तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है।

0000

राज्य सरकार ने गर्मी को देखते हुए मनरेगा कार्यों के समय में बदलाव किया है। अब मनरेगा कार्यों का समय एक मई से 15 जुलाई तक सुबह 6 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। इस अवधि के बाद कार्यों का समय जिला कलेक्टर अपने स्तर पर निर्धारित कर सकेंगे।

000

अलवर के सरिस्का वन्य जीव अभयारण्य क्षेत्र के नया भूरासिद्ध में आज सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में वन विभाग और बफर जोन के अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान करीब 60 से अधिक बोरे प्लास्टिक और पॉलिथीन को इकट्ठा कर जंगल से बाहर लाकर नष्ट किया गया। गौरतलब है कि आम लोगों के सहयोग से चलाये गये इस अभियान से पर्यावरण संरक्षण होगा और वन्य जीवों को भी लाभ मिलेगा।

000

जयपुर में अगले महीने से तीन दिवसीय द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार का आयोजन होगा। पर्यटक विभाग की निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि 5 से 7 मई तक चलने वाले इस आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

000